हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 अगस्त 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 हरियाली अमावस्याः नर्मदा घाटों पर उमड़ा ...



07 एनएच-52 पर खड़े डंपर में घुसी कार, मां-बेटे और बहू...



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राजस्व मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

सीहोर। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात वे समारोह में आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को अभिव्यक्त किया जाएगा।

रोजगार मेले में हुआ 397 आवेदकों का प्राथमिक चयन

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 452 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरव्यू लिया गया। मेले में 15 कंपनियों द्वारा 397 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत एक हितग्राही राहुल मेवाड़ा को आटा चक्की एवं किराना दुकान के लिए 5 लाख रुपए के ऋण का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल, प्राचार्य डॉ शीलचंद गुप्ता सहित युवा उपस्थित थे।

आश्रितों को प्रतिकर दिलाने की न्यायिक मजिस्ट्रेट ने की अनुशंसा

सीहोर। वर्ष 2019 में सीहोर के बजरंग कॉलोनी में पुताई कार्य के दौरान हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से अरुण चौहान और नरेश सेन उर्फ नानू की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपेन्द्र मालू के न्यायालय ने मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिए प्रतिकर दिलाए जाने की अनुशंसा की है। न्यायालय ने मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 के तहत दोनों मृतकों के आश्रितों को प्रतिकर दिए जाने की अनुशंसा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा भी मृतकों के आश्रितों को प्रतिकर दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

रिमझिम फुहारों के बीच आनंदित हुआ माहौल, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

वंदे मातरम के जयघोष से गूंजी शहर की सड़कें राष्ट्रीय पर्व से दो दिन पूर्व निकाली तिरंगा यात्रा

यात्रा में शहर के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ ही करीब डेढ़ हजार छात्र-छात्राओं और आमजनों ने लिया हिस्सा।









हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व से ठीक दो दिन पहले जिला मुख्यालय में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शहर में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौसम की रिमझिम फुहारों के बीच निकले इस आयोजन ने पूरे वातावरण को खुशनुमा और आनंदित बना दिया। यात्रा में शहर के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, करीब डेढ़ हजार स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता की जय व वंदे मातरम के गूंजते जयघोष से शहर की सडक़ें सराबोर हो उठीं।

टाउन हॉल से शुरू हुई यात्रा, गुब्बारों से सजा आसमान

रैली का औपचारिक शुभारंभ शहर के टाउन हॉल से हुआ। यात्रा शुरू होने से ठीक पहले आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, जिसने समारोह के उत्साह को दोगुना कर दिया। टाउन हॉल से शुरू हुई यह यात्रा शहर के प्रमुख माग बस स्टैंड, आनंद डेयरी और कोतवाली चौराहे से होती हुई लीसा टॉकीज पहुंची। पूरे यात्रा मार्ग के दौरान सडक़ के दोनों ओर खड़े शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। बारिश की हल्की बूंदों के बीच तिरंगा हाथ में थामे चल रहे बच्चों और नागरिकों का जोश देखते ही बन रहा था।

हाथों में तिरंगा थामे हुए चले जनप्रतिनिधि-अधिकारी

राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस तिरंगा रैली में शहर के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी एक साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जसपाल सिंह अरोरा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के. और पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने प्रमुखता से सहभागिता की। इनके साथ ही जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह, डीएफओ अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा सहित भारी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

तिरंगा हमारी एकता और स्वाभिमान का प्रतीक

लीसा टॉकीज पहुंचने पर यात्रा का समापन हुआ, जहां अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा केवल एक कपड़ा या प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का सच्चा प्रतीक है। अतिथियों ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल खुशियां मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने का दिन है। उन्होंने सभी सीहोरवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुडक़र स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है : राजस्व मंत्री करण सिंह



सीहोर। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत इछावर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने एक स्वर में देशभक्ति के नारे लगाए और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साह के साथ तिरंगा लहराया। यात्रा के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि यह देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। इस अवसर पर इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, कैलाश सुराणा, मनीष विश्वकर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक शामिल हुए।

कृषि विस्तार अधिकारियों की कलमबंद हड़ताल शुरू, ई-अटेंडेंस के विरोध में आंदोलन

सीहोर। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के तहत अधिकारियों ने कलमबंद हड़ताल शुरू करते हुए ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता का विरोध किया है। संघ ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

संघ की प्रमुख मांगों में कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त कर पूर्व व्यवस्था के अनुसार उपस्थिति व्यवस्था लागू करना, कृषि विस्तार अधिकारी संवर्ग को वर्तमान 2400 के स्थान पर 2800 ग्रेड पे प्रदान करना तथा अतिरिक्त केंद्र भत्ते को ₹500 से बढ़ाकर ₹5,000 प्रतिमाह करना शामिल है। कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि उनका अधिकांश कार्य मैदानी एवं भ्रमण आधारित है। अधिकारियों को किसानों के खेतों, गांवों तथा विभिन्न शासकीय गतिविधियों में जाकर कृषि



योजनाओं के क्रियान्वयन, नवीन कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार और किसानों की समस्याओं के निराकरण का कार्य करना पड़ता है। ऐसे में ई-अटेंडेंस में व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन के दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा सभी कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और मैदानी कार्य की प्रकृति को देखते हुए ई-अटेंडेंस की व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किया जाना जरूरी है। कृषि विस्तार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष लाड़सिंह बकोदिया ने शासन से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक एवं सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक संघ का आंदोलन जारी रहेगा।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित करने की मांग

अभा किसान सभा ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय किसान सभा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित करने की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह को दिया गया। कार्यकर्ताओं का नेतृत्व में महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने किया। आगामी 7 दिनों में तत्संबंधी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर किसान और प्रभावित नागरिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने बताया कि मध्य प्रदेश में विगत दिनों हुई भीषण वर्षा और बाढ़ के कारण सीहोर जिला बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। किसानों की हजारों एकड़ क्षेत्र की फसल बर्बाद हो गई है। बड़ी संख्या में कमजोर और वंचित तबके के लोगों को पुनर्वास, राहत और रोजगार की जरूरत है। इस प्रतिकूल और संकट की स्थितियों में जिले को आपदा ग्रस्त जिला घोषित कर किसानों को फसलों के बरबाद होने की क्षति पूर्ति हेतु समुचित मुआवजा दिया जाए। भीषण वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत, पुनर्वास और रोजगार प्रदान करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

अगले 24 से 48 घंटे बारिश के लिहाज से अहम, अब तक 25.55 इंच बारिश

सीहोर में 0.58 इंच औसत बारिश, भैरूंदा में सबसे ज्यादा 1.61 इंच, अगले 2-3 दिन तेज बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बुधवार को सुबह से मौसम का मिजाज बदला रहा। जिले के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। भू-अभिलेख विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में 0.58 इंच औसत बारिश रिकॉर्ड हुई। सबसे ज्यादा बारिश भैरूंदा क्षेत्र में दर्ज की गई, जहां 1.61 इंच पानी बरसा। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे के दौरान भी गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई है।

भैरूंदा में सबसे ज्यादा 1.61 इंच बारिश

12 अगस्त को हुई बारिश के तहसीलवार आंकड़ों में भैरूंदा सबसे आगे रहा। यहां 1.61 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय सीहोर में 1 इंच, जबकि रेहटी में 0.87 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। अन्य क्षेत्रों में आष्टा और इछावर में 0.35-0.35 इंच, जावर में 0.31 इंच, बुधनी में 0.12 इंच और श्यामपुर में 0.04 इंच बारिश दर्ज की गई।



मानसून सीजन में अब तक 25.55 इंच बारिश

1 जून से शुरू हुए मानसून सीजन में अब तक जिले में कुल औसत बारिश 25.55 इंच तक पहुंच गई है। क्षेत्रवार आंकड़ों की बात करें तो रेहटी में अब तक सबसे ज्यादा 28.76 इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं सीहोर शहर में मानसून सीजन के दौरान 27.85 इंच बारिश हो चुकी है।

कम दबाव के क्षेत्र और मानसून ट्रफ का असर

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके साथ ही मानसून ट्रफ लाइन भी प्रदेश के मध्य हिस्सों से होकर गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने के कारण सीहोर और आसपास के जिलों में बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसी सिस्टम के प्रभाव से जिले में बादल छाने और रुक-रुककर बारिश का दौर बना हुआ है।

अगले 24 से 48 घंटे बारिश के लिहाज से अहम : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 24 से 48 घंटों के दौरान सीहोर जिले में बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है। कई इलाकों में गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर अचानक तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं।

किसानों के लिए बारिश अहम

मानसून सीजन में बारिश का यह दौर खेती के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले में खरीफ फसलों के लिए बारिश का पानी उपयोगी साबित हो सकता है। हालांकि, तेज बारिश की स्थिति में खेतों में पानी भरने और निचले इलाकों में जलभराव जैसी स्थानीय परिस्थितियां भी बन सकती हैं।

आगे भी बना रहेगा बारिश का दौर

फिलहाल जिले में मौसम पूरी तरह साफ होने के संकेत नहीं हैं। कम दबाव के क्षेत्र, मानसून ट्रफ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण आने वाले दिनों में भी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को गरज-चमक के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचने और तेज बारिश के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है।

2-3 दिन कुछ इलाकों में भारी बौछारों के आसार : आगामी दो से तीन दिनों तक जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश या तेज बौछारें पड़ने का अनुमान है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

तिरंगा रंगोली और नुक्कड़ नाटक से दिया देशभक्ति का संदेश



सीहोर। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में तिरंगा रंगोली निर्माण एवं देशभक्ति आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.रोहिताश्व कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, स्वतंत्रता के मूल्य तथा प्रत्येक नागरिक के कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की स्वतंत्रता, एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से प्राप्त इस स्वतंत्रता की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने "हर घर तिरंगा" एवं राष्ट्रभक्ति की थीम पर आकर्षक तिरंगा रंगोलियों का निर्माण किया और तिरंगे के महत्व, स्वतंत्रता के मूल्य तथा नागरिकों की भूमिका पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. उदय डोलस, डॉ. शीलचन्द्र गुप्ता, डॉ. आमिर एजाज एवं डॉ. कमलेश अहिरवार सहित एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थी शामिल हुए।

खबर संक्षेप



हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रदर्शनी हुई

सीहोर। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हर घर तिरंगा अभियान–2026 के अंतर्गत तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं तिरंगा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंगों एवं अशोक चक्र के महत्व से अवगत कराते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता तथा देशभक्ति की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीन टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय ध्वज, स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय प्रतीकों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पोस्टरों की तिरंगा पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की।

हर घर तिरंगा अभियान के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

सीहोर। जिले में हर घर तिरंगा अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित अधिकारियों को अभियान की गतिविधियों के सुचारू संचालन, समन्वय तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरियाली कलश यात्रा आयोजित

सीहोर। जन अभियान परिषद एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर ग्राम कचनारिया में हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों का वितरण किया गया। नवांकुर सखियां इन अंकुरित थैलियों को पोषित कर पेड़ बनने तक इनकी देखभाल करेंगी। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और ग्रामवासियों ने हाथ मे तिरंगा लेकर देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के नारे भी लगाए। इस अवसर पर भादर सिंह मेवाड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति ही विश्व की एकमात्र संस्कृति है जिसमें पशु, पक्षियों, पेड़-पौधों से लेकर प्रकृति की पूजा की जाती है। हमारे सारे त्यौहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हमारी धरती को फिर से हरा भरा करें।

जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने लगाया था स्नान पर प्रतिबंध, नीलकंठ सहित कई घाटों पर सुबह से पहुंचते रहे श्रद्धालु

हरियाली अमावस्या: नर्मदा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, प्रतिबंध के बाद भी लगाई श्रद्धालुओं ने डुबकी

आदेश के तहत हरियाली अमावस्या के अवसर पर भैरूंदा तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी नर्मदा घाटों पर स्नान को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



हरियाली अमावस्या के अवसर पर बुधवार को नर्मदा घाटों पर आस्था का सैलाब देखने को मिला। लगातार बारिश और नर्मदा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने स्नान पर प्रतिबंध लगाया था, इसके बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही नर्मदा घाटों पर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान, दान और पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक भी किया।

भैरूंदा के नीलकंठ घाट सहित मंडी, सिलकंट, सातदेव, चोरसाखेड़ी और छीपानेर क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। हरियाली अमावस्या के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग नर्मदा स्नान के लिए पहुंचे। घाटों पर धार्मिक माहौल दिखाई दिया और लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नर्मदा को नमन किया।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लगाया था प्रतिबंध

दरअसल, नर्मदा के ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। नर्मदा की सहायक नदियों में भी पानी की आवक बढ़ने से घाटों पर खतरा बढ़ गया है। इसी को देखते हुए भैरूंदा अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी सुधीर कुमार कुशवाह ने 11 अगस्त को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया था।

आदेश के तहत हरियाली अमावस्या के अवसर पर भैरूंदा तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी नर्मदा घाटों पर स्नान को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया था। प्रशासन का उद्देश्य बढ़ते जलस्तर के बीच किसी भी तरह की जनहानि को रोकना था। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की थी कि वे अपनी और परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नदी में न उतरें।

प्रतिबंध के बावजूद घाटों पर पहुंचे श्रद्धालु

प्रशासन के प्रतिबंध के बावजूद बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का घाटों की ओर पहुंचना शुरू हो गया। कई स्थानों पर लोग नदी किनारे पूजा-पाठ करते नजर आए, जबकि कुछ श्रद्धालु नदी में उतरकर स्नान करते भी दिखाई दिए। नीलकंठ घाट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। श्रद्धालुओं का कहना था कि हरियाली अमावस्या पर नर्मदा स्नान और पूजन की धार्मिक मान्यता है। इसी आस्था के चलते वे घाटों तक पहुंचे। लोगों ने स्नान और दान-पुण्य के साथ भगवान का पूजन कर परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

आस्था के सामने सुरक्षा व्यवस्था की चुनौती

हरियाली अमावस्या जैसे धार्मिक पर्व पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी स्वाभाविक है, लेकिन इस बार नर्मदा का बढ़ा हुआ जलस्तर चिंता का विषय बना हुआ है। तेज बहाव और अचानक बढ़ते पानी के बीच नदी में उतरना जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में प्रशासन द्वारा लगाया गया प्रतिबंध श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया था। प्रतिबंध के बावजूद लोगों के घाटों तक पहुंचने और नर्मदा में स्नान करने से यह सवाल भी सामने आया कि संवेदनशील घाटों पर प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए निगरानी व्यवस्था कितनी कारगर रही। प्रशासन ने आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

पुलिस बल और गोताखोरों को किया गया तैनात

प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद प्रशासन ने घाटों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग, होमगार्ड, संबंधित ग्राम पंचायतों और तहसील प्रशासन को निर्देश जारी किए थे। संवेदनशील घाटों पर पुलिस बल उपलब्ध कराने के साथ ही स्थानीय कोटवारों और गोताखोरों को भी निगरानी के लिए तैनात किया गया था। अधिकारियों को घाटों पर लगातार निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के नदी में उतरने से प्रशासन के सामने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती बनी रही।

भैरूंदा में 'द वॉइस ऑफ भैरूंदा' सीजन-1, गायन प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा क्षेत्र की छिपी हुई गायन प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए 'द वॉइस ऑफ भैरूंदा सीजन-1' नाम से मेगा कराओके सिंगिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और संगीत प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है। कार्यक्रम का आयोजन मंगलम इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रतिभागी हिंदी शास्त्रीय संगीत, फिल्मी गीत और भजन श्रेणी में अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन और ऑडिशन 15 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक होंगे। प्रतियोगिता के विभिन्न चरण भी तय कर दिए गए हैं। पहला राउंड (सुर परीक्षण) 17 अगस्त को होगा, दूसरा राउंड (सेमीफाइनल) 18 अगस्त को और ग्रैंड फिनाले 19 अगस्त को शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सर्व मंगलम पैलेस, इंदौर रोड, भैरूंदा में किया जाएगा।

प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम स्थान पर ₹5100, द्वितीय स्थान पर ₹3100 और तृतीय स्थान पर ₹2100 की राशि दी जाएगी। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन निःशुल्क है, जबकि चयनित प्रतिभागियों के लिए ₹499 का प्रवेश शुल्क रखा गया है। इस आयोजन के संरक्षक महेंद्र सिंह परिहार (जिलाध्यक्ष, खेल प्रकोष्ठ), कार्यक्रम अध्यक्ष मयंक नागवे और मंच संचालन अमित परिहार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति में स्निग्ध नागवे, अनिल प्रजापति, राजेश लखेरा, सुभाष पटेल, भूपेंद्र ढोके सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

आयोजकों ने क्षेत्र के सभी संगीत प्रेमियों और उभरते गायकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस मंच का लाभ उठाएं और भैरूंदा को अपनी आवाज दें।

रिंकी यादव की मौजूदगी में लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक

11वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तान रहीं, ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी में हैं कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



नेपाल के पोखरा में 29 से 31 जुलाई तक आयोजित 11वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप-2026 में भारतीय कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम की कप्तानी ट्राइडेंट ग्रुप में कार्यरत रिंकी यादव ने की टीम की इस स्वर्णिम सफलता में रिंकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है रिंकी यादव ने इस सफलता के साथ इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने का गौरव हासिल किया है। इससे पहले जनवरी 2026 में आयोजित 10वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में भी रिंकी भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं और टीम ने स्वर्ण पदक जीता था लगातार दो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करना रिंकी की खेल के प्रति मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दर्शाता है। खास बात यह है कि रिंकी खेल के साथ ट्राइडेंट ग्रुप में अपनी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। बावजूद इसके राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाकर उन्होंने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

अपनी उपलब्धि पर रिंकी यादव ने कहा कि 11वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए गर्व की बात है लगातार दूसरी बार इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना उनके लिए विशेष उपलब्धि है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार,टीम के साथियों और ट्राइडेंट ग्रुप से मिले परस्पर सहयोग को दिया उन्होंने ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस पद्मश्री राजिंदर गुप्ता के प्रति भी आभार व्यक्त किया। रिंकी ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर देने वाली सोच ने उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। रिंकी यादव की उपलब्धि ट्राइडेंट ग्रुप की उस कार्यसंस्कृति को भी दर्शाती है, जिसमें कर्मचारियों को अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिभा विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ग्रुप की 'अर्न, लर्न एंड ग्रो' की सोच के तहत कर्मचारियों को अपनी क्षमताओं को निखारने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अवसर एवं प्रोत्साहन दिया जाता है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती को गरीब विद्यार्थियों के लिए खंगराले ने पाठ्य पुस्तकें भेंट की



सीहोर। कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन के अवसार पर , गुलदस्ते , हार, मिठाई , पगड़ी के स्थान पर जरूरत मन्द गरीब विद्यार्थियों के लिए पेन पाठ्य पुस्तकें आदि शैक्षणिक सामग्री भेंट की जो गरीब बच्चों की नीव को मजबूत कर सकेंगी । इस अवसर पर राजीव गुजराती की खंगराले सहित अनेकों कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दीर्घायु के साथ उज्वल भविष की कामना की। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र ठाकुर, डॉ. अनीस खान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री, श्रीमती आरती नरेंद्र खंगराले, तत्कालीन पार्षद एवं प्रदेश सचिव मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस, वरिष्ठ इंका नेता प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, मुकेश ठाकुर, पूर्व सरपंच नंदकिशोर मालवीय, के.के. रिछारिया, राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, जयराम जाटव, घनश्याम जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अग्निवीर प्रशिक्षण पूरा कर गांव आए दीपक मालवीय का ग्रामीणों ने किया स्वागत



इछावर। भारतीय सेना में अग्निवीर का प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशलपुरा लौटे गांव के दीपक मालवीय का ग्रामीणों और समाजजनों ने फूल-मालाओं, तिलक एवं साफा बांधकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारों से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंग गया। दीपक की इस उपलब्धि और देश सेवा के जज्बे को लेकर आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजजन शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने दीपक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शंकर जयसवाल, पंकज दुगारिया, राजेश मालवीय, इमरत लाल दुगारिया, सुनील मालवीय, राजेश मालवीय (राजा), जगदीश मालवीय, सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अभियान 350 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट ने मेगा पौधरोपण अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से मेगा पौधरोपण अभियान 2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इसके साक्षी बने वन विकास निगम के उप वन संरक्षक एवं संभागीय प्रबंधक तरुण कौरव, वन मुख्यालय भोपाल के उप वन संरक्षक एवं अनुसंधान एवं विस्तार शाखा के परियोजना संभाग प्रभारी जितेंद्र गुप्ता, विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, वाइस चांसलर सतीश कुमार मोढ़, प्रो-वीसी डॉ. टी. बी. श्रीधरन, रजिस्ट्रार डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा, डायरेक्टर ऑपरेशंस डॉ. एस. प्रभाकर, नगरीय प्रशासन विभाग संचालनालय के सोशल एक्सपर्ट जितेन्द्र झा, अमृत हरित महाअभियान के प्रभारी उपेंद्र द्विवेदी और सत्यजीत दास, कोठरी नगर परिषद अध्यक्ष राधेश्याम दलपति, सीएमओ राहुल शर्मा, उपयंत्री निखिल कचनरिया, पिंटू चंद्रवंशी, एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, दीप्ति भोजवानी और वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के लायजनिंग ऑफिसर अखिलेश बरुआ। वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन ने कहा,₹प्रकृति के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन पौधों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक तैयार करने तक है। ऐसे अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास की भावना को सशक्त बनाते हैं।

अपने संबोधन में अतिथियों ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनका संरक्षण करने तथा समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों, वन विभाग के अधिकारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

इस अभियान में लगभग 350 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वयंसेवकों को 15 टीमों में विभाजित कर परिसर के निर्धारित स्थानों पर पौधारोपण कराया गया। अभियान के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में 2,000 पौधों का रोपण किया गया, जिससे परिसर की हरियाली को बढ़ावा मिला। पौधरोपण के साथ साथ सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

इसके उपरांत एनएसएस स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत का संदेश दिया। कुल मिलाकर यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र ₹स्वयं से पहले आपऱ की भावना को साकार करते हुए पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी उदाहरण जरुर बन गया ।

भारती विद्या मंदिर में हुआ इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया



भैरूंदा। भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल, भैरूंदा में गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीओपी भैरूंदा रोशन सिंह जैन, विद्यालय के निदेशक विनय यादव एवं प्राचार्य आशीष चौधरी ने माताजी श्री निर्मला देवी के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रहा। विद्यालय के राष्ट्रपति श्रेयन यादव, उपराष्ट्रपति केशव यादव, डिसिप्लिन मिनिस्टर उत्कर्षी राजपूत सहित अन्य छात्र मंत्रियों को प्राचार्य आशीष चौधरी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान : समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एसडीओपी रोशन सिंह जैन ने सीबीएसई बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट एवं लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और अनुशासन सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के निदेशक विनय यादव ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं श्रेष्ठ संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य में समाज के जिम्मेदार एवं अच्छे नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ तथा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार के सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

धौलपुर से उज्जैन जा रहा था त्रिवेदी परिवार, दो गंभीर घायल शाजापुर रेफर, दो बच्चे सुरक्षित

एनएच-52 पर खड़े डंपर में घुसी कार, मां-बेटे और बहू की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र में दो दिन के भीतर हुए दो दर्दनाक हादसों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। पढ़ाना गांव में वेन डूबने से 9 लोगों की मौत का गम अभी लोग भुला भी नहीं पाए थे कि बुधवार सुबह एनएच-52 पर एक और भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कार में सवार दो बच्चे सुरक्षित बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार धौलपुर निवासी त्रिवेदी परिवार आर्टिगा कार से धौलपुर से उज्जैन जा रहा था। कार में परिवार के छह सदस्य सवार थे। मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे शिमला होटल के सामने एनएच-52 पर चालक अब्दुल पिता आबिद खान एक वाहन को ओवरटेक कर रहा था।

इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ब्रेकडाउन डंपर से कार की पीछे से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सोमा पति सुनील त्रिवेदी (65), अंकुर पिता सुनील त्रिवेदी (42) और अर्चना पति अंकुर त्रिवेदी (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चालक अब्दुल पिता आबिद खान और निहाल पिता अतुल तिवारी (22) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया। कार में सवार अंश पिता अंकुर त्रिवेदी (14) और तेजस पिता अंकुर त्रिवेदी (10) हादसे में सुरक्षित बताए गए हैं। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत की खबर से परिजनों में मातम छा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर एडिशनल एसपी केएल बंजारे, एसडीओपी अरविंद सिंह और थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। लगातार दो दिनों में हुए हादसों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत से सारंगपुर क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है।

जब एक साथ उठीं एक ही परिवार की 9 अर्थियां

देर रात सारंगपुर से सतवास पहुंचे मृतकों के शव



राजगढ़। क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के चलते सारंगपुर क्षेत्र में उफान पर आए एक नाले पर पुल से गिरी इको कार हादसे में देवास जिले के सतवास क्षेत्र निवासी एक ही परिवार के 9 लोग काल-कवलित हो गए थे। मृतकों में 3 महिलाओं सहित 4 बच्चे भी शामिल थे। सारंगपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम उपरान्त जब सोमवार देर रात्रि सभी मृतकों के शव सतवास पहुंचे तो वहां चींख-पुकार मच गई। शवों को सतवास के सरकारी अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया गया। सतवास तहसीलदार संजय गर्ग इसकी पूरी मॉनिटरिंग कर रहे थे। मंगलवार सुबह जब एक साथ सभी अर्थियां उठी तो माहौल गमगीन हो उठा। मृतकों में शामिल शंकर, सागरबाई, विशाल, विशाल की पत्नी पूजा, विशाल की बेटी वंशिका, महक का अंतिम संस्कार धासड़ गांव में एक ही चिता पर किया गया। वहीं, शंकर की बेटी रीनूबाई, बेटे राजवीर और बेटी जसप्रीत का अंतिम संस्कार खंडवा जिले के पुनासा में करवाया गया।

मुख्यमंत्री कर चुके हैं 4-4 लाख मुआवजे की घोषणा

राजगढ़ जिले में हुए इस हृदयविदारक हादसे में मृत सभी व्यक्तियों के परिजनों को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4-4 लाख रुपए मुआजा देने की घोषणा कर चुके हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को इसके निर्देश दिए गए हैं। आपको बतादें कि धांसड़ गांव निवासी सागरबाई के एक बीमारी से ग्रसित होने के चलते पूरा परिवार सारंगपुर क्षेत्र में एक देवस्थान आ रहा था। सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश के बीच इको कार जब सारंगपुर के आगे पढ़ाना क्षेत्र पहुंची यहां नाले के पुल पर भरे पानी के कारण कार चालक पानी और सड़क का अंदाजा नहीं लगा पाया था और कार सीधे नाले में समा गई थी।

सीएमएचओ कार्यालय में अनुबंधित है यह वाहन

प्राइवेट कार पर लिखवाया भारत सरकार, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(सीएमएचओ) कार्यालय राजगढ़ में एक प्राइवेट वाहन को अनुबंधित करने का मामला सामने आया है। जबकि, शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यालयों में सिर्फ टैक्सी वाहन को ही अनुबंधित किया जा सकता है। मामले में एक निजी ट्रैवल कंपनी ने आरटीओ विभाग में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है।

मारुति नंदन टैवल्स कंपनी द्वारा की गई शिकायत में उल्लेख है कि सीएमएचओ दफ्तर में प्राइवेट निजी कार क्रमांक एमपी-04 सीजेड-3134 को अनुबंधित किया गया है। उक्त कार के दोनों तरफ भारत सरकार दर्ज करते हुए सीएमएचओ द्वारा व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। यह वाहन पूरे जिले में भ्रमण करता है। आरटीओ राजगढ़ से मांग की गई है कि उक्त कार के रजिस्ट्रेशन दिनांक से अभी तक की टैक्स रिकवरी करते हुए चालानी कार्यवाही की जाए ताकि अन्य लोगों में भी यातायात नियमों का संदेश प्राप्त हो सके।



अन्य विभागों में भी बगैर टैक्सी परमिट के वाहन

ऐसा नहीं है कि यातायात नियमों को ठेंगा दिखाने का यह इकलौता मामला हो। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ कुछ अन्य विभागों द्वारा भी नियमों की अवहेलना करते हुए प्रायवेट वाहन का अनुबंध करवाया गया है। कलेक्टेट की विभिन्न शाखाओं में प्रायवेट वाहन अनुबंधित हैं।

इनका कहना है...

मैं अभी मीटिंग में हूं। कुछ समय बाद कॉल करती हूं। (दोबारा कॉल नहीं आया)

- डॉ. शोभा पटेल
सीएमएचओ, राजगढ़

तेज बारिश से शासकीय भवनों की दीवारें गिरी

श्मशान शेड भी गिरा, जांच दल पहुंचा गांवों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र में सोमवार को रात 12 बजे से हुई तेज बारिश ने कोहराम मचा दिया। नदी नाले कुआं तालाब लबालब हो गए, इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे पक्के मकान को नुकसान हुआ। साथ ही किसानों के कुआं भी क्षतिग्रस्त हुए इसी के साथ कई नदी किनारे स्थिति ग्राम बिलोदा पाल में नदी का पानी घुस गया इस कारण वह का शासकीय विद्यालय पूरी तरह जल मग्न हो गया अत्यधिक पानी के कारण विद्यालय की बाउंड्री बाल जमीदोज हो गई इतना ही नहीं गांव का श्मशान भी पानी के बहाव में वह गया।तेज बारिश के कारण कई गांवों में फसलें खराब होने की भी सूचना चल रही हैं,प्रकृति आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए कलेक्टर के आदेशानुसार तहसीलदार कपिल शर्मा ने अपने अधीनस्थ राजस्व



अमले को ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा समाचार लिखे जाने तक कितना नुकसान हुआ अभी तक सम्पूर्ण जानकारी सामने नहीं आई है।सोमवार के दिन हुई तेज बारिश में पढ़ाना पुलिया के रपटे से नीचे उतरी कार में 9 लोगों की डूबने से मौत होने पर मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि संबंधित के खाते में जारी की गई है। क्षेत्र में हुए नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है।

इनका कहना है...

जल भराव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। नियमानुसार आर्थिक मदद दी जाएगी।
कपिल शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर।

महिला एवं बाल विकास विभाग में चार्ज हो रहीं प्राइवेट गाड़ियां!

सरकारी दफ्तर या पर्सनल चार्जिंग स्टेशन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्यालय इन दिनों बच्चों और महिलाओं के विकास से ज्यादा किसी और ही वजह से चर्चा में है। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ब्यावरा का दफ्तर इन दिनों कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए फ्री बिजली चार्जिंग प्वाइंट बन चुका है। दफ्तर के अंदर बेधड़क इलेक्ट्रिक ई-बाइक चार्ज की जा रही हैं। जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाले इस सरकारी दफ्तर में खुलेआम शासकीय बिजली का इस्तेमाल निजी वाहनों की बैटरी चार्ज करने में हो रहा है।

साहब की बचत, सरकार को चूना!

बढ़ते पेट्रोल के दामों से बचने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना तो समझ आता है लेकिन दिनभर लगती है प्लग में केबल दफ्तर खुलने से लेकर बंद होने तक इलेक्ट्रिक गाड़ियां प्लग से चिपकी रहती हैं। अधिकारियों की चुप्पी सवाल यह उठता है कि क्या परियोजना अधिकारी की नाक के नीचे यह सब हो रहा है या उनकी सहमति से सरकारी खजाने को यह चपत लगाई जा रही है? लेकिन यहाँ तो सरकारी दफ्तर में ही मुफ्त की बिजली का खेल चल रहा है। बड़ा सवाल महिला एवं बाल विकास का बजट कुपोषण मिटाने के लिए। या फिर कर्मचारियों के ई-वाहनों का बिजली



बिल भरने के लिए? शासकीय नियमों के मुताबिक दफ्तर के संसाधनों का निजी इस्तेमाल करना नियम विरुद्ध है। खबर उजागर होने के बाद जिला कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर ब्यावरा का यह दफ्तर ऐसे ही मुफ्त चार्जिंग स्टेशन बना रहेगा?

इनका कहना है...

हमारे ऑफिस में बीसी हैं, उनकी इलेक्ट्रिक बाइक है डिस्चार्ज हो गई होगी, इसलिए चार्ज लगा रखी होगी। बाकी रोज नहीं होती चार्ज।

-लवकेश अग्रवाल
परियोजना अधिकारी ब्यावरा

स्कूल गई नाबालिग छात्रा का अपहरण कर किया दुष्कर्म, प्रकरण दर्ज

जीरापुर। नगर के कन्या शाला में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की एक नाबालिग छात्रा के साथ अपहरण कर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी विष्णु मालाकार 22 साल और उसके साथ एक नाबालिग दोस्त के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। दिनांक 08 अगस्त को सुबह 11 बजे छात्रा को उसके पिता द्वारा स्कूल के पास छोड़ा गया। जहां से छात्रा स्कूल जा रही थी, पहले से दो युवक वहां खड़े थे उन्होंने नाबालिग को डरा धमकाकर बाइक पर बैठाकर माचलपुर रोड़ ब्रिज के पास जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में दोनों आरोपी छात्रा को वापस स्कूल के पास छोड़कर भाग गए। छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई, जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने बीएनएस की धारा 64(1), 96, 351(3), 78(2)3(5)एससी/एसटी एक्ट और पॉस्को एक्ट में अपराध कायम कर दोनों आरोपी को जेल भेजा है, व पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बारिश से छापी बांध लबालब, बांध का नजारा देखने उमड़ा लोगों का हुजूम



जीरापुर। नगर एवं क्षेत्र की पहचान 'छापी बांध' लगातार हो रही बारिश से लबालब भर गया है। बांध के वेस्टवियर के ऊपर से पानी झलकना शुरू हो गया है। शनिवार रविवार की मध्य रात्रि से शुरू हुई बारिश ने बांध को लबालब भरा वैसे ही वेस्टवियर से पानी बहना शुरू हो गया। इस मनोहर दृश्य को देखने भीड़ उमड़ पड़ी। '1972 से क्षेत्र की जीवनरेखा' गौरतलब है कि सन् '1972' में क्षेत्र को जीवनदायिनी के रूप में इस छापी बांध का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री 'स्व. प्रकाश चंद्र सेठी' एवं तत्कालीन विधायक 'स्व. प्रभुदयाल चैबे' के कर कमलों से किया गया था। नहर द्वारा यहां से '13 गांवों' सहित आसपास के क्षेत्र में सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिलता आ रहा है। इसी बांध के निर्माण के बाद क्षेत्र का जल स्तर भी बढ़ा था।

बारिश ने भरा बांध, उमड़ी भीड़

लगातार बारिश के कारण छापी बांध पूरी तरह भर गया है। वेस्टवियर से गिरते पानी की सुहानी आवाज और मनोहर दृश्य देखने के लिए नगरवासी और ग्रामीण जनों का छापी बांध पर जमावड़ा लग गया है। वहीं दशकों से आस्था का केंद्र 'शिवशंकर मंदिर' में भी भक्तों की भीड़ महादेव के दर्शन के लिए लगी रही। युवा वर्ग ही नहीं, हर उम्र के लोग बांध, हरे-भरे और घाट के साथ सेल्फी और फोटो लेते नजर आए। बारिश के बाद छापी बांध का लबालब पानी और आसपास का प्राकृतिक वातावरण, हरियाली और घाटों के दृश्य बेहद आकर्षक लग रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य प्रवेश मार्ग पर बेरिकेडिंग कर बड़े वाहन प्रवेश रोका एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए।

9 लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

सुरक्षा व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के दौरान झिरी मंदिर के सामने बाईपास मार्ग पर तेज बहाव में ईको वैन बहने से नौ लोगों की दर्दनाक मौत के बाद नगर के युवाओं और ग्रामीणों ने सुरक्षा एवं जल निकासी की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखी हैं। मंगलवार को नगर के दर्जनों ग्रामीणों ने सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर तत्काल आवश्यक इंतजाम करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि झिरी मंदिर के सामने पुलिया के दोनों ओर मजबूत रेलिंग अथवा सुरक्षा दीवार बनाई जाए। तेज बारिश और पानी के बहाव के दौरान मार्ग पर आवागमन रोकने के लिए बैरिकेडिंग के साथ चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। इसके अलावा बाईपास



सहित नगर के विभिन्न मोहल्लों में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी की गई।

वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मऊ-पड़ाना-तलेन सड़क निर्माण के दौरान कई स्थानों पर पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई। छोटी पुलियाओं और नालियों के कारण बारिश का पानी रुकने से घरों और दुकानों में घुस रहा है। झिरी मंदिर, लाइनमैन कॉलोनी, काली तलाई, मंसूरी मस्जिद के सामने तथा वाल्मीकि मोहल्ले में जलभराव की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई। ग्रामीणों ने झिरी मंदिर के सामने नाले की उचित निकासी, नाले का गहरीकरण तथा मंदिरों और आसपास की फसलों को जलभराव से बचाने की व्यवस्था की मांग की। साथ ही लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों और अधिकारियों के साथ पूरे नगर की जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण कर स्थायी समाधान करने की मांग रखी।तथा एसडीएम रोहित बम्होरे ने हादसे के दौरान प्रशासन का सहयोग करने वाले पड़ाना के युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग, जनपद पंचायत सीईओ महेंद्र गोविल सहित संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान दिनेश परमार, मुकेश जलोदिया, प्रदुम्न परमार, साकिर सदर अंसारी, इमरान मंसूरी, आमीन मंसूरी, जावेद अंसारी, दीपक गुर्जर, आशिर अंसारी, रियाज मंसूरी, मुकेश परमार, रामबाबू परमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

साल 2013 में बासौदा में दिया था चोरी को अंजाम

पुलिस का सिरदर्द बनी 4 महिला स्थाई वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

करीब 13 वर्षों पूर्व विदिशा जिले के बासौदा क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली चार महिला अपराधियों को अंततः बोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बासौदा न्यायालय से इन सभी महिलाओं के नाम स्थाई वारंट निकला हुआ था। पुलिस ने पूर्व में कई बार इन्हें पकड़ने के प्रयास किए लेकिन सभी महिलाएं लगातार अपना ठिकाना बदल रही थीं।

गत दिवस मुखबिर से मिली सूचना के बाद एक टीम गठित कर ग्राम कड़ियां सांसी भेजा गया। मुखबिर के बताए स्थान पर जब दबिश दी गई तो सभी आरोपी महिलाओं को पकड़ लिया गया। बोड़ा टीआई देवेंद्र राजपूत ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं में रीमाबाई पत्नी प्रेमसिंह, रामोबाई पत्नी नरपत सिंह, रामवती बाई पत्नी विजय सिंह एवं कालीबाई पत्नी दिलीप सिंह सांसदी शामिल हैं। इस कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक समीर खान, मधुसूदन शर्मा, रामनारायण जटिया, कपिल अटारिया, दुष्यंत जाट, सुनील, महिला आरक्षक सुमन सिंह, पूजा का विशेष योगदान रहा। इस सफलता पर जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस टीम की सराहना की है।



सेंट कबीर स्कूल में हरियाली अमावस्या पर ग्रीन डे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





सेंट कबीर पब्लिक स्कूल, मंदसौर में हरियाली अमावस्या (ग्रीन डे) का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस, सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्यायाम शिक्षिका शांता व्यास, विद्यालय के डायरेक्टर शेर मोहम्मद खान तथा पत्रकार अब्दुल मतीन खान के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

विद्यालय के डायरेक्टर शेर मोहम्मद खान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की भागीदारी उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस ने कहा कि हरियाली अमावस्या भारतीय संस्कृति और प्रकृति के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और हरियाली को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्यायाम शिक्षिका शांता व्यास ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली अमावस्या प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देती है। विद्यार्थियों को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 दलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को अपने हाथों से विभिन्न व्यंजन तैयार कर प्रस्तुत करने थे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शामिल श्रीमती शांता व्यास, वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस एवं पत्रकार अब्दुल मतीन खान ने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया, विद्यार्थियों से चर्चा की तथा उनके द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद लेकर मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बिना आग के विभिन्न स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

प्रथम पुरस्कारः आलिया एवं आफरीन। **द्वितीय पुरस्कारः** गुनगुन, दीक्षिता, अर्जुन एवं अर्शान। **तृतीय पुरस्कारः** सौरभ, फरहाद, माहिनूर, सिया एवं आमिन। **सांत्वना पुरस्कारः** लवीशा को दिया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सैंडविच, केक, भेल, पोहे, लस्सी, आम पन्ना , पनीर के लड्डू, सत्तू की मिठाई, चॉकलेट केक, तरह-तरह के जूस, लस्सी, सलाद, पानी पताशे, भेल, पोहे, सैंडविच,बर्गरचिप्स चाट,चॉकलेट ब्रेड केक स्प्राउट्स भेल,स्प्राउट्स चाट टोस्ट सैंडविच,दाबेली,कॉर्न चाट सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता भदौरिया, शिफ्ट इंचार्ज निमिषा अग्रवाल, भावना सोनी, महक भावनानी, आंचल, कल्पना, कृशिका, कल्पना याज्ञनिक क, पुष्पा बोराना, पुष्पा साधवानी, संतोष मेहरा, ममता अलावा, तथा सविता पाटीदार व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

राजगढ़ पहुंचा आंगनवाड़ी सहित अन्य का अमला, सौंपा ज्ञापन

नियमितीकरण, सातवें वेतनमान सहित अन्य मांगे रखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ से जुड़ी अनेकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित संगठन के अन्य कर्मचारी मुख्यालय पहुंचे। यहां सभी ने सातवें वेतनमान, नियमितीकरण सहित वर्षों से लंबित अपनी अन्य मांगों के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्थानीय कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने, सेवाओं का वर्गीकरण करने तथा मृतक कर्मचारियों के परिवारजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने की बात प्रमुखता से रखी गई। इसके साथ ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने एवं अंशकालिक कर्मचारियों को स्थाई करने का मुद्धा भी प्रमुखता से उठाया गया। इन कर्मचारियों में आंगनवाड़ी का अमला, सहायिका, कोटवार, स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आशा, उषा सहयोगिनी, समूहों से जुड़े रसोईया कर्मचारी सहित अन्य शामिल थे। ज्ञापन में शासन से



सभी कर्मचारियों के हित और भविष्य के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग रखी गई।

सालों से रखी जा रही हैं मांगे

कर्मचारियों ने अधिकारियों को बताया कि वे सालों से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन शासन, प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओपी बैरागी, प्रेमनारायण वर्मा, राकेश झाला, रमेश संजोदिया, रामबाबू पुष्पद, बद्रीलाल मेवाड़े, मांगीलाल सेन, विक्रम जाट, रामबाबू वर्मा, भंवरलाल वर्मा, महेश बाबू, देवी सिंह वर्मा सहित जार निगार, रुखसाना बी, निशा चंद्रावत, सुनीता पुष्पद, जार निगार, ममता दांगी, रेखा कुशवाह सहित अन्य शामिल थीं।

खबर संक्षेप

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई

आष्टा। विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत टिटोरिया के सरपंच इंदरसिंह के नेतृत्व में सांदीपनी विद्यालय में ग्राम के पढ़ने वाले बच्चों के पालक जनसुनवाई में पहुंचे और विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को मांग पत्र सौंपा। मांग कि हमारे ग्राम तक सांदीपनि की बस पहुंचाई जाए। अभी बस नहीं आने के कारण बच्चों को ग्राम से करीब 3 किमी पैदल मुख्यमार्ग तक आना जाना पड़ता है। विधायक ने इस समस्या को हल करने का भरोसा दिया। इसके साथ ही विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्रामीण जनों से मिलकर समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 11 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते आज बुधवार को प्रातः 11 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं, मांगो का जल्द निराकरण होगा। जो मांग शासन स्तर की है उन्हें वे शासन तक पहुंचाउंगा।

पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा जिला स्तरीय समारोह

सीहोर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाले समारोह में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के उपरांत परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड सहित विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी।

तपोभूमि देवबड़ला में हरियाली अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

श्रद्धालुओं ने कुंड के जल से स्नान कर बाबा बिल्वेश्वर महादेव का किया अभिषेक

श्रद्धालुओं ने सावन माह की अमावस्या पर भगवान शिव को बेलपत्र, फल आदि अर्पित कर रुद्राभिषेक किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने बताया कि सावन मास की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहते हैं। इस दिन स्नान, दान और शिव पूजन और पितृों का तर्पण किया जाता है। इस दिन शिव पूजन का भी विशेष महत्व है, क्यों कि यह सावन की अमावस्या है, इस दिन भगवान शिव को बेलपत्र, फल आदि अर्पित कर उनका रुद्राभिषेक कराना भी उत्तम रहता है। इस अमावस्या का नाम ही हरियाली अमावस्या है, इस दिन पेड़ लगाने से भी शुभ फल मिलता है। खासकर आम, आंवला, बड़ का पेड़ आदि लगाने चाहिए।

इस दिन सबसे पहले स्नान करके काले तिल और जल से पितरों का तर्पण देना चाहिए, इससे पितर प्रसन्न होते हैं। इससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। हरियाली अमावस्या के दिन पितरों के नाम की दीपदान बहुत शुभ माना जाता है। पितरों के लिए किसी तालाब या पवित्र नदी के किनारे अपने पितरों के नाम का दीपक जरूर जलाएं। इसके अलावा शाम के समय आप पीपल के पेड़ के पास भी दीपक जला सकते हैं, क्योंकि इसमें ब्रह्मा विष्णु, महेश तीनों देवताओं का वास माना जाता है। इससे भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है।

देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया हरियाली अमावस्या का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है।

यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि हम प्रकृति के ऋणी हैं और हमें इसे सुरक्षित रखने के लिए पूरा प्रयास करना चाहिए। विंध्याचल पर्वत कि नाभि स्थल पर बसा देव बड़ला क्षेत्र की सबसे बड़ी और प्राचीन धरोहर है यहां चारों तरफ हरियाली और गहरी सुख शांति के साथ अनंत आस्था मन में लिए श्रद्धालु नेवज नदी के जल से स्नान कर बाबा विलवेश्वर महादेव को जल अर्पण करने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं आज हरियाली अमावस्या के पवन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर बाबा बिल्वेश्वर महादेव का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की। यूं तो यह स्थान पहले से ही लोगों की आस्था का केंद्र



बना हुआ है परंतु पुरातत्व विभाग द्वारा यहां पर खुदाई कर अनेक प्रतिमा व मंदिरों के बेस को जब मलबे में बहार किया क्षेत्रवासी अशचार्यचकित हो गए जब भी यहां श्रद्धालु आते हैं हर बार कुछ नया देखने को मिलता है पुरातत्व विभाग अपना काम कर रहा है।

नेमावर के लिए रवाना हुआ कांवड़ यात्रियों का जत्था

कांवड़ियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रावण मास के पावन अवसर पर समूचा क्षेत्र शिवभक्ति में लीन है। प्राचीन शंकर मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं जीवनदायिनी पार्वती नदी का जल लेकर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जलाभिषेक करने का सिलसिला लगातार जारी है।

इसी क्रम में आष्टा नगर से कांवड़ यात्रियों का एक जत्था नेमावर के लिए रवाना हुआ। जलाभिषेक कर लिया आशीर्वाद - कांवड़ यात्रियों की रवानगी से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित साथियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात सभी कांवड़ यात्री लखन कुशवाह, अनु कुशवाह, कान्हा कुशवाह, जतीन कुशवाह, लालू कुशवाह, अभिषेक कुशवाह, मोहित कुशवाह, गौतम कुशवाह, अशोक कुशवाह, तरूण कुशवाह, हेमंत कुशवाह, अमन कुशवाह, मंगलू कुशवाह, सुहागमल कुशवाह तथा राहुल कुशवाह का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया और यात्रा के लिए रवाना किया। स्वागत करने वालों में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, भाजपा नेता विशाल चौरसिया, पार्षद रवि शर्मा, माखन कुशवाह, पूर्व पार्षद गिरजा कुशवाह, कुशवाह समाज पटेल मनोज कुशवाह, रिंकू महेश्वरी, संजू कुशवाह, जितेन्द्र कुशवाह, गोवर्धन कुशवाह, ब्रजेश और दीपक कुशवाह आदि शामिल थे।

भविष्य काल कल्पना है, लेकिन वर्तमान अपना है : डॉ अमृतरसा श्रीजी



जावर। महिदपुर रोड राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी डॉ अमृतरसा श्रीजी आदि ठाणा ने बुधवार को उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भूतकाल एक सपना है, भविष्य काल एक कल्पना है वर्तमान काल सिर्फ अपना है। अर्थात बीता हुआ कल यादें हैं और जो पल हमारे हाथ में है वही वास्तविक जीवन है। वर्तमान का महत्व- वास्तविकताः केवल आज और अभी का क्षण ही सच है। कर्म का समयः आप बदलाव सिर्फ इसी पल में कर सकते हैं ।शांतिः वर्तमान में जीने से मन का तनाव कम होता है। महिदपुर रोड जैनसमाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताएं कि आज की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ अशोक कुमार, दिलीप कुमार तलेरा परिवार द्वारा एवं सिद्धि तप तपस्वियों के सुबह के पारणे एवं शाम के बियासने का लाभ लीलाबाई पुत्र दिनेश कुमार, अनिल कुमार, राजेश कुमार कांठेड़ परिवार द्वारा लिया गया। साथ ही सिद्धि तप तपस्वियों की उत्कृष्ट प्रभावना का लाभ लाभार्थी अशोक कुमार ,रौनक कुमार बोहरा परिवार भाटपचलाना, अभयकुमार नानालाल सुराणा परिवार दलोदा, पीयूष कुमार मुणत परिवार एवं अशोक कुमार, अमन कुमार, अक्षित कुमार कटारिया परिवार जावरा, द्वारा लाभ लिया गया मंगलकारी कार्यक्रम में जावरा, दलोदा, महिदपुर, भाटपचलाना आदि श्री संघ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

फेस और हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता में पुष्पा सीनियर सेकंडरी स्कूल के बच्चों ने दिखाई अपनी कला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुष्पा सीनियर सेकंडरी स्कूल, आष्टा में हाल ही में छात्र-छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से फेस पेंटिंग एवं हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हैंड पेंटिंगः कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी कोमल हथेलियों और रंगों के माध्यम से सुंदर कृतियाँ उकेरीं।

फेस पेंटिंगः कक्षा दूसरी से लेकर छठी तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए एक-दूसरे के चेहरों पर आकर्षक और मनमोहक पेंटिंग्स बनाईं। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य ने स्वयं प्रतियोगिता हाल में जाकर बच्चों द्वारा बनाई गई हैंड पेंटिंग और फेस पेंटिंग का बारीकी से अवलोकन किया। बच्चों की रचनात्मकता और कल्पना शक्ति को देखकर उन्होंने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनका हौसला बढ़ाया। विद्यालय प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे हमें बताया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है।

बौद्धिक विकासः बच्चों के दिमाग को तेज करने और उनकी बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के लिए विशेष दिमागी गेम्स, बौद्धिक प्रतियोगिताएं और समय-समय पर विभिन्न टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। खेलकूद और शारीरिक शिक्षाः बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए विभिन्न स्पोर्ट्स एक्टिविटीज करवाई जाती हैं। सामाजिक और नैतिक जागरूकताः विद्यालय में केवल पढ़ाई और खेलकूद ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

इसके तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान, तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए नशा मुक्ति अभियान, यातायात नियम जागरूकता शिविर, और विधिक साक्षरता शिविर जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल आष्टा में बच्चों को संस्कारित, बुद्धिमान और हर क्षेत्र में पारंगत बनाने की यह अनूठी पहल अभिभावकों और क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

अहमदपुर में ढोल-डीजे के साथ निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर




जिले की ग्राम पंचायत अहमदपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने पूरे कस्बे को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, डीजे पर बजते देशभक्ति गीत और हाथों में लहराता तिरंगा—हर तरफ सिर्फ भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष सुनाई दिए।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, क्षेत्रवासी और देशप्रेमी उत्साह के साथ शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, वैसे-वैसे लोगों का उत्साह भी बढ़ता गया। यात्रा के दौरान पूरा अहमदपुर तिरंगामय नजर आया। ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति गीतों की धुन पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश बनी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अहमदपुर की सड़कों पर उमड़ा यह देशभक्ति का सैलाब लोगों के दिलों में देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और मजबूत करता नजर आया। अहमदपुर की इस तिरंगा यात्रा में एक बार फिर दिखा दिया तिरंगा सिर्फ हाथों में नहीं,दिलो में भी बसता है।

महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में एंटी रैगिंग समिति एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ 12 अगस्त 2026 को किया गया। यह सप्ताह 12 अगस्त से 18 अगस्त 2026 तक विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी को भयमुक्त, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण मिलना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से रैगिंग जैसी कुप्रथा से दूर रहने तथा अपने सहपाठियों के साथ सहयोग, सम्मान एवं सौहार्द की भावना से व्यवहार करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राकेश कुमार सोलंकी एवं नीतू परवाल द्वारा एंटी रैगिंग जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को रैगिंग के विभिन्न स्वरूपों, इसके दुष्परिणामों तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं मानसिक जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को रैगिंग के विरुद्ध जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी तत्काल महाविद्यालय प्रशासन एवं एंटी रैगिंग समिति को देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, लघु/शॉर्ट वीडियो निर्माण एवं प्रदर्शन सहित अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें अपनी रचनात्मक प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग के प्रति शून्य सहनशीलता, अनुशासन, आपसी सम्मान एवं सहयोग की भावना विकसित करना तथा महाविद्यालय में सुरक्षित, सकारात्मक एवं भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है।

लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा सीपीसीटी के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष भागीरथ परमार के नेतृत्व में प्रांतीय निर्देशन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में सीपीसीटी की अनिवार्यता के विरोध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन और मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम संयुक्त कलेक्टर परमार को ज्ञापन सौंपा। सीपीसीटी की अनिवार्यता से संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग के देश की कापी की होली जलाई गई। मध्यप्रदेश शासन को यह संदेश दिया गया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को बंद किया जाए और 40 वर्ष से ऊपर की आयु को सीपीसीटी की अनिवार्यता को शिथिल किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मॉडर्न पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि चुनाव परिणाम घोषित

हेड बॉय- प्रीत परमार, हेड गर्ल- सृष्टि परमार ने मारी बाजी


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मॉडर्न पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधि हेतु चुनाव के परिणाम घोषित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वति के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने परिणाम के बाद संस्था के संचालकगण की उपस्थिति में घोषणा पत्र से अपने कार्य कि षपथ ली। व सभी पदाधिकारी छात्र/छात्राओं को पद की षपथ के साथ-साथ उन्हे शिक्षकों द्वारा बेच और स्लेस भी लगाए गए। तथा सभी प्रतिनिधियों ने मतदान करने वाले सभी छात्र/छात्राओं को धन्यवाद दिया। बच्चो को अपने पद से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार और भीम सिंह ठाकुर द्वारा बच्चों को चुनाव के बारे में जानकारी दी। तथा चुनाव के महत्व व राजनीति से संबंधित बाते बताई। व सभी छात्र/छात्राओं को समय का पबंद होना भी बताया। तथा सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका करिश्मा चौपड़ा द्वारा किया गया। निर्वाचन में अपनी जीत प्राप्त करने वाले उमीदवारों में हेड बॉय- प्रीत परमार, हेड गर्ल- सृष्टि परमार, स्पोर्टस मिनिस्टर (बोय)- आदित्य शर्मा, स्पोर्टस मिनिस्टर (गर्ल)- नीता मेवाड़ा, डिसिप्लीन मिनिस्टर (बोय)- नमन पटेल, डिसिप्लीन मिनिस्टर (गर्ल)- किंजल परमार, कल्चर मिनिस्टिर (बोय)- हसन.उर.रेहमान, कल्चर मिनिस्टिर (गर्ल)- वैष्णवी परमार, असेंबली मिनिस्टर (गर्ल)- इल्मा कुरैशी, असिण्असेंबली मिनिस्टर (गर्ल)- अनुष्का जिया और निष्ठा षामिल थें। संस्था के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, मेवाड़ा,इतिका ईषा जैन, राजेष बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, नीता सक्सेना, पायल ठाकुर, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा रितेश जैलवाल सोनम गुप्ता रीना सरसिया पूजा परमार अंजलि गोस्वामी कनक सेन रुपाली ठाकुर आदि ने छात्र/छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

दीपक चौधरी बने सहकारिता संगठन के संभाग अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के सहकारिता क्षेत्र में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और हर्ष का क्षण आया। राजधानी में आयोजित बैठक के दौरान, प्रदेश अध्यक्ष ने जिले के प्रमुख और युवा नेतृत्व, दीपक चौधरी को सहकारिता संगठन के भोपाल संभाग अध्यक्ष पद की एक और नवीन और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। दीपक चौधरी की मेहनत, समर्पण और सहकारिता के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए यह नियुक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सहकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान और कर्मचारी साथियों के प्रति उनके प्रेम और समर्थन की सराहना सर्वत्र हो रही है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के लिए सीहोर जिले के सभी सहकारिता कर्मचारी साथियों, संगठनों और मित्रों की ओर से प्रदेश अध्यक्ष महोदय का हार्दिक आभार और धन्यवाद व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने दीपक चौधरी की योग्यता और कार्यक्षमता को पहचान कर सही व्यक्ति को सही जिम्मेदारी सौंपी है।